Seat No. : _____

NJ-107

November-2013

B.A. (Sem.-V) (CBCS)

CC-301 : HINDI

(काव्यशास्त्र)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (1) प्रश्न का क्रम सही लिखिए ।
(2) प्रश्न की दाहिनी ओर गुण दर्शाये गए हैं ।

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **900** शब्दों में दीजिए : **14**

काव्य का स्वरूप स्पष्ट करते हुए आचार्य भामह, कुंतक, विश्वनाथ एवं जगन्नाथ की दी गई परिभाषाएँ समझाइए ।

अथवा

काव्य-प्रयोजनों पर विस्तार से चर्चा कीजिए ।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **900** शब्दों में लिखिए :

शब्द शक्ति की परिभाषा देते हुए लक्षणा शब्द शक्ति के भेदोपभेद सोदाहरण समझाइए । **14**

अथवा

संक्षेप में **450** शब्दों में लिखिए :

(1) अभिधा के भेद

(2) व्यंजना शब्दशक्ति

3. रस की परिभाषा लिखते हुए रस के अंगों को स्पष्ट कीजिए । **14**

अथवा

संक्षेप में लिखिए : **(450** शब्दों)

(1) श्रृंगार एवं वीररस का परिचय

(2) रस का स्वरूप

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **900** शब्दों में दीजिए । **14**

अलंकार किसे कहते हैं, यह स्पष्ट करते हुए उपमा, श्लेष, उत्पेक्षा एवं यमक अलंकारों को सोदाहरण समझाइए ।

अथवा

छंद का महत्व समझाते हुए निम्नलिखित छंदों को स्पष्ट कीजिए –

दोहा, चौपाई, रोला और हरिगीतिका, इंद्रवज्रा ।

5. सूचनानुसार कीजिए । **5**

(अ) सही है या गलत बताइए :

(1) जिन काव्यों का आनंद पढ़ने-सुनने से प्राप्त होता है वह श्रव्य काव्य है ।

(2) लक्षणा शब्द शक्ति के द्वारा साक्षात सांकेतिक अर्थ की प्रतिती होती है ।

(3) करुण रस का स्थायी भाव शोक है ।

(4) 31 मात्राओं वाले छंद को वीर या आल्हा छंद कहते हैं ।

(5) कनक-कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाई में उपमा अलंकार है ।

(ब) सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **5**

(1) दृश्य काव्य के _____ भेद माने गये हैं । (चार, दो, तीन)

(2) 'गाय घास खा रही है' में _____ शब्द शक्ति है । (व्यंजना, अभिधा, लक्षणा)

(3) संचारी भाव की संख्या _____ मानी गई है । (33, 9, 7)

(4) हास्य रस का स्थायी भाव _____ है । (क्रोध, रति, हास)

(5) महाकाव्य _____ होना चाहिए । (अलंकारयुक्त, सर्गबद्ध, गुणवान)

(क) सही जोड़े मिलाकर लिखिए : **4**

	अ		**ब**
(1)	भामह	(1)	आचार्य दंडी
(2)	काव्य शोभाकरान् धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते	(2)	पंकज
(3)	योगरूढ़ शब्द	(3)	आठ
(4)	सात्विक अनुभावों की संख्या	(4)	अलंकारवादी

_____